an>

Title: Need to enquiry the on-going process of making B.P.L. cards in the country.

श्री भगवंत मान (संगरूर): मैडम, केन्द्र की जो योजनायें गरीबों के लिए हैं, जैसे मनरेगा है या इंदिरा आवास योजना है, असल में वे बीपीएल कार्ड पर बेस्ड हैं। अगर आपके पास कार्ड है तो आपको उस योजना का लाभ होता है। कुछ ताकतवर लोग अपने चहेतों के कार्ड बनवा लेते हैं। जिनके लिए योजना बनाई गई थी, उनके कार्ड नहीं बनते हैं।

13.00 hrs.

वे लोग भी सभी योजनाओं का लाभ लेने लगते हैं। जब हम निर्वाचन क्षेत्र में जाते हैं तो सबसे पहले लोग यही कहते हैं कि हमारा मनरेगा का कार्ड नहीं बना। बी.पी.एल. कार्ड बनाने की जो क्राइटिरिया है उसकी ऑन-गोइंग प्रोसेस की भी जांच होनी चाहिए। यह सरपंचों पर छोड़ दिया जाता है और सरपंच राजनीतिक प्रभाव में कुछ ऐसे लोगों के कार्ड बना देते हैं जिनको इन योजनाओं की जरूरत नहीं थी। इन्दिरा आवास योजना, मनरेगा, बुढ़ापा पेन्शन योजना या सस्ता राशन लेने की जो योजनायें हैं।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहता हूं कि बी.पी.एल. कार्ड बनाने की जो प्रोसेस है, क्राइटिरिया है, उनकी नियमित जांच हो ताकि उन लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके, जिन लोगों के लिए योजनाएं बनायी गयी हैं। धन्यवाद।